प्रेस नोट
दिनांक 15.03.2025

होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा परिसर में हुआ होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ मनाया गया होली का त्यौहार

होली मिलन समारोह के दौरान पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, जिलाधिकारी गोण्डा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर दी गयी बधाई।

होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त आज दिनांक 15.03.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक, जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा व जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए। होली मिलन समारोह के दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा एक दुसरे पर फूलों की बारिश एंव अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।

होली मिलन समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थानों के थाना प्रभारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।